राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उत्तराखण्ड
State Council of Educational Research and Training, Uttarakhand
Tapovan Road, Nalapani, Dehradun, Pin - 248001
Phone:0135-2789655 Fax: 0135-2789656, Website: www.scert.uk.gov.in
E-mail: scertuk@gmail.com, scert_ua@reddiffmail.com

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,
उत्तराखण्ड

पत्रांक– SCERT/NEP/Bag Less Days/236-44/2024–25 दिनांक– 24 अप्रैल 2024

विषय– **प्रदेश के उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में दिनांक 27 अप्रैल 2024 को प्रथम बस्ता रहित दिवस के संचालन विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के पत्रांक SCERT/NEP/Bag Less Days/222–230/2024–25 दिनांक–24.अप्रैल 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की अनुशंसानुसार शैक्षिक सत्र 2024–25 से प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को बस्तारहित दिवस के रूप में मनाये जाने हेतु सुझावात्मक गतिविधियां प्रेषित की गयी हैं। इस क्रम में शैक्षिक सत्र 2024–25 का प्रथम बस्ता रहित दिवस दिनांक 27 अप्रैल 2024 (अंतिम शनिवार) को आयोजित किया जाएगा।

अतः आप जनपद के उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में दिनांक 27 अप्रैल 2024 को प्रथम बस्ता रहित दिवस की गतिविधियां आयोजित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाने का कष्ट करें। साथ ही विद्यालयों में उक्त दिवस को सम्पादित गतिविधियों की फोटो सहित आख्या जनपद कार्यालय में संकलित करते हुए सॉफ्ट कॉपी में परिषद कार्यालय की ई–मेल (neputtarakhand@gmail.com) पर दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**संलग्न– यथोपरि।**

भवदीया
(बंदना गर्ब्याल)
निदेशक
अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड

पृ०सं०– SCERT/NEP/Bag Less Days/236-44/2024–25 दिनांक–तद्दिनांक

**प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
4. सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर, नैनीताल।
5. अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड को इन आशय से कि वे उक्तांकित निर्देशों को विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से प्रसारित करने की कार्यवाही करेंगे।
6. अपर निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड।
7. समस्त प्राचार्य डायट उत्तराखण्ड।
8. सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी/उप शिक्षा अधिकारी को सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उक्त के अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक
अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड 24/04/24

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखण्ड
State Council of Educational Research and Training, Uttarakhand
Tapovan Road, Nalapani, Dehradun, Pin - 248001
Phone:0135-2789655 Fax: 0135-2789656, Website: www.scert.uk.gov.in
E-mail: scertuk@gmail.com, scert_ua@reddiffmail.com

सेवा में,

1. अपर निदेशक (मा.शि / प्रा.शि),
गढ़वाल मण्डल पौड़ी /
कुमाऊं मण्डल नैनीताल।

2. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांक– SCERT / NEP / Bag Less Days / 222-230 / 2024–25 दिनांक– 24 अप्रैल 2024

विषय– प्रदेश के उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में बस्ता रहित दिवसों के संचालन विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि शासन के संलग्न पत्र संख्या 181549 / XXIV–B–1 / 24 / 31(01) / 2020 दिनांक 11 जनवरी 2024 के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अध्याय–04 'स्कूलों में पाठ्यक्रम और शिक्षण शास्त्र'' के अनुच्छेद 4.26 तथा सार्थक टास्क संख्या–92 में की गयी अनुशंसा के क्रम में प्रदेश के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्रत्येक शैक्षिक सत्र में कुल 10 बस्ता रहित दिवसों के संचालन हेतु श्री राज्यपाल महोदय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा उक्त पत्र के माध्यम से तत्सम्बन्धी दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं।

उक्त के क्रम में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के पत्रांक SCERT / NEP / Bag Less Days / 9906–14 / 2024–25 दिनांक– 13.फरवरी 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा राज्य में 10 बस्ता रहित दिवसों को संचालित किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। इस क्रम में तत्सम्बन्धी गतिविधियों का विवरण संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। उक्त गतिविधियां सुझावात्मक हैं, विद्यालय इनके अतिरिक्त स्वयं के स्तर से भी अन्य संगत गतिविधियां संचालित कर सकेंगे।

अतः उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्न– यथोपरि।

भवदीया

(बंदना गर्ब्याल)
निदेशक
अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड

पृ०सं०– SCERT / NEP / Bag Less Days / 222-230 / 2024–25 दिनांक–तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
4. सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर, नैनीताल।
5. अपर निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड।
6. अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड को इन आशय से कि वे उक्तांकित निर्देशों को विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से प्रसारित करने की कार्यवाही करेंगे।
7. समस्त प्राचार्य डायट उत्तराखण्ड, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यक्रम दिवस को विद्यालयों को शैक्षिक अनुसमर्थन प्रदान करना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी / उप शिक्षा अधिकारी को सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उक्त के अनुपालनार्थ प्रेषित।

24/04/24

निदेशक
अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड

## उच्च प्राथमिक (कक्षा 06 से 08 तक)

### 1. जैविक रूप

**(क) मृदा प्रबंधन और मिट्टी के प्रारम्भिक कार्य**

- परिवेश में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की मिट्टियों के नमूनों का संकलन एवं पहचान।
- विभिन्न प्रकार की मिट्टी में पौधों को उगाना।

**(ख) कृषि/बागवानी की विभिन्न पद्धतियां**

- क्यारी निर्माण
  - स्थल का चयन
  - स्थल की सफाई
- क्यारी में बीज बोना, पौधा रोपण, सिंचाई और खाद डालना/जैविक कीटनाशकों का प्रयोग।
- वृक्षरोपण के तरीके
- बाड़ बनाना और उसकी कटिंग करना
- जैविक खाद बनाना और प्रक्रिया की जानकारी
- विद्यालयी स्तर पर कृषि मेला आदि।
- विभिन्न प्रकार के बीजों का संकलन करना।

(उक्त समस्त गतिविधियां विद्यालय के सेवित क्षेत्र के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सम्पादित की जाएंगी)

### 2. मशीन और सामग्री

(क) कागज़ का कार्य – ऑरेगेमी, कबाड़ से जुगाड़, लिफाफे बनाना, पैकेजिंग (गिफ्ट व पार्सल) आदि।
(ख) लकड़ी का कार्य – खिलौना निर्माण, शिक्षण–अधिगम सामग्री निर्माण आदि।
(ग) मिट्टी का कार्य – खिलौने, बर्तन, कुम्हार का कार्य आदि।
(घ) कपड़े का कार्य – कपड़े की रंगाई, छपाई, सिलाई आदि, टाई एण्ड डाई, पुराने कपड़े से दरी, डोरमैट, आदि बनाना।
(ङ.) पेंटिंग का कार्य – चित्रकला, निब पेंटिंग, वाटर कलर पेंटिंग, ऑयल पेंटिंग, एम्बॉस पेंटिंग, ग्लास पेंटिंग, सफेदी/पेंट का कार्य आदि।
(च) स्याही का कार्य – स्याही का प्रयोग करके ठप्पे से कपड़े की छपाई आदि।
(छ) आधुनिक/प्रारम्भिक मशीनों का उपयोग – कम्प्यूटर, फोटोस्टेट, मशीन लैमिनेशन, स्पाइरल बाइंडिंग, हार्ड बाइंडिंग आदि।

### 3. मानवीय सेवाएं

**(क) कुशल संवाद की अभिरूचि और समूहों (Teams) में काम करने की योग्यता**

- जागरूकता अभियान
- मानवीय संवाद सम्प्रेषण : वाद विवाद, कहानी, कविता, भाषण प्रतियोगिता, वैज्ञानिक अभिवृत्ति को विकसित करने वाली गतिविधियां आदि।
- प्रसिद्ध वक्ताओं के साथ कार्यक्रम
- सफाई अभियान जैसे सामूहिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग

**(ख) स्वास्थ्य देखभाल ओर आतिथ्य के आधार**

- परिवेश की स्वच्छता सम्बन्धी जागरूकता

- व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सम्बन्धी गतिविधियां और कैम्प
- विशेषज्ञों द्वारा विद्यालय स्तर पर जागरूकता शिविर आदि।
- विद्यालय के कार्यक्रमों का बच्चों द्वारा संचालन एवं अतिथि सत्कार।
- श्रमदान कार्यक्रम

**(ग) बुनियादी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी कौशल**

- लाउडस्पीकर, माइक आदि को व्यवस्थित करना।
- कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी जैसे – ई–मेल, गूगल सर्च आदि।
- घर में उपयोग की जाने वाली सामग्री मशीनों की जानकारी यथा कपड़े वाली प्रेस, मिक्सर, पानी की रॉड, सिलाई मशीन, स्पीकर, टी.वी., मोबाइल फोन, मठ्ठा/छांच बनाने की मशीन (मथनी), तेल पिराई मशीन, धान कूटने व गेहूं पीसने की मशीन, पशुओं हेतु चारा काटने की मशीन, आदि।
- कृषि में प्रयोग किये जाने वाले उपकरण यथा– परम्परागत कृषि यंत्र, हल, अनाज हेतु प्रयुक्त–बुआई,कटाई व मंढ़ाई हेतु मशीन आदि।

## माध्यमिक (कक्षा 09 से 12 तक)

### जैविक रूप

**प्रकृति अनुकूल कृषि–**

1. स्थानीय पर्यावरण के अनुसार कृषि कार्य करना जैसे मौसम के आधार पर फलों का उत्पादन, सब्जियों तथा अनाजों की खेती करने की जानकारी प्राप्त करना।
2. मौसम और जलवायु पूर्वानुमान की विधियों की जानकारी प्राप्त करना ।
3. स्थानीय जलवायु के अनुसार नवाचारी विधियों और तकनीकियों का प्रयोग करना।
4. स्थानीय अनुकूलता के अनुसार बीजों का चयन करना।
5. स्थानीयता के अनुसार मिट्टी और भूमि प्रबंधन सीखना।
6. मशरूम उत्पादन

**प्रकृति संरक्षण/पुनर्स्थापना–**

1. पर्यावरण संरक्षण
2. वन संरक्षण
3. भू संरक्षरण
4. जल संरक्षण
5. पर्यावरण को नुकसान पहुंचाये बिना संसाधनों का स्थायी व न्याय संगत उपयोग सीखना।
6. भूमि, जल, वनस्पति और वायु का क्षरण रोकना या नियंत्रित करना।
7. प्राकृतिक और मानव निर्मित संसाधनों का पारिस्थितिक तंत्र की जैव विविधता सहित संरक्षण और संवर्धन की जानकारी प्राप्त करना।
8. अनुपयोगी/बंजर क्षेत्र की स्थिति और उत्पादकता में सुधार की विधि की जानकारी प्राप्त करना।
9. पर्यावरण और विकास में परस्पर सम्बन्ध की समझ बढ़ाना और सामाजिक जागरूकता अभियान चलाना।
10. व्यक्तिगत और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहन देना सीखना।

**नर्सरी/पौधशाला प्रबंधन–**

1. क्यारियों का निर्माण व खरपतवार निकालना।
2. जैविक खाद (Compost) के लिए गढ्ढे बनाना एवं खाद तैयार करना।
3. पौध तैयार करना।
4. बीज शैय्या (Seed Bed) तैयार करना, पौध तैयार करना।

5. प्रो–ट्रे में पौध तैयार करना।
6. कलमों का रोपण करना।
7. फल/फूल/सब्जियां आदि की पृथक–पृथक नर्सरी तैयार करना।
8. कृषि मेला आदि।
9. पॉलीहाउस में फल तथा सब्जियों का उत्पादन।
10. फल संरक्षण– अचार, मुरब्बा, जैम, जैली, जूस, शरबत, सॉस आदि।
11. फ्लोरी कल्चर– फूलों की खेती, फूलों की सजावट, बुके व माला आदि तैयार करना।

**पशुधन पालन–**

1. विभिन्न प्रकार के पशुओं का उपयोग जैसे (दुधारू, कृषि कार्य में प्रयुक्त, व्यावसायिक रूप से उपयोगी, मांस एवं ऊन आदि के लिए उपयोगी) की जानकारी एवं वर्गीकरण करना।
2. स्थानीयता के अनुसार पशु पालन की संभावनाओं की जानकारी।
3. डेरी व्यवसाय– दही, पनीर, घी, मक्खन, क्रीम आदि तैयार करने की जानकारी।

**वित्तीय सेवाएं–**

1. बैंकिंग प्रणाली की जानकारी प्राप्त करना।
2. विभिन्न प्रकार के कार्ड्स (डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
3. विभिन्न प्रकार के खातों (बचत, चालू, सावधि आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
4. विभिन्न प्रकार के ऋणों (व्यावसायिक ऋण, व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
5. विभिन्न प्रकार के बीमा (सामान्य बीमा, जीवन बीमा, पेंशन बीमा आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
6. कर प्रणाली (आय कर, सेवा कर, विक्रय कर, GST आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
7. विभिन्न प्रकार के चेक और ड्राफ्ट बनाना।
8. पोस्ट ऑफिस से संचालित वित्तीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त करना।
9. घर एवं परिवार का सामान्य बजट तैयार करना।

**सौन्दर्य और व्यक्तिगत देखभाल उद्योग–**

1. मेकअप, हेयर ड्रेसिंग, मैनिक्योर, थ्रेडिंग, वैक्सिंग, ब्लीच, मेंहदी आदि की सामान्य जानकारी प्राप्त करना।
2. विभिन्न प्रकार से सौंदर्य प्रसाधनों एवं उत्पादों की सामान्य जानकारी प्राप्त करना।
3. सौन्दर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल में प्रयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी प्राप्त करना।
4. अपशिष्टों का सुरक्षित निस्तारण सीखना।
5. कार्यक्षेत्र में स्वच्छता एवं सुरक्षा (Fire Safety, Electrical Safety, DOs and DONt's of Emergency Situation etc) की जानकारी प्राप्त करना।
6. पारम्परिक रूप से प्रयोग होने वाले सौन्दर्य वर्धक पदार्थों एवं वनस्पतियों (हल्दी, मुल्तानी मिट्टी, अखरोट का छिलका, भीमल, रीठा, ऐलोवेरा आदि) एवं उनको प्रयोग करने की विधियों की जानकारी प्राप्त करना।
7. स्थानीय उपलब्ध उत्पादों से साबुन, तेल, शैम्पू, इत्र, अगरबत्ती आदि तैयार करना।

**मशीन और सामग्री–**

**सिलाई–**

1. सिलाई मशीन की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करना।
2. घरों में प्रयुक्त होने वाले लिहाफ/कवर आदि की सिलाई, बटन–काज तैयार करना, बटन लगाने आदि अभ्यास करना।
3. सामान्य कपड़ों को काटना एवं हाथ से होने वाली सिलाई का अभ्यास करना।

**बढ़ईगिरी–**

1. कुर्सी, चारपाई आदि की बुनाई सीखना।
2. लकड़ी से खिलौने या अन्य सामग्री (पेन्सिल बॉक्स, रैक,गुल्लक, चौकी आदि) बनाना सीखना

3. विभिन्न औजारों या बर्तनों के हत्थे बनाना।
4. काष्ठ कला में प्रयोग किये जाने वाले विभिन्न उपकरणों की जानकारी प्राप्त करना।

**वेल्डिंग और कास्टिंग–**

1. वेल्डिंग के प्रकारों (आर्क वेल्डिंग,गैस वेल्डिंग आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
2. वेल्डिंग प्रक्रिया के दौरान उपयोग में आने वाली गैसों (ऑक्सीजन, एसेटिलीन, हाईड्रोजन आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
3. वेल्डिंग रॉड की लम्बाई, गैस वेल्डिंग का तापमान आदि की जानकारी प्राप्त करना।
4. कास्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करना।
5. कास्टिंग (ढलाई) का उपयोग, इतिहास आदि की जानकारी प्राप्त करना।
6. कास्टिंग के प्रकारों(केन्द्रापसारक कास्टिंग, डाई कास्टिंग, ग्लास कास्टिंग, मोल्डिंग, रैपिड, स्लिप कास्टिंग आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
7. आवश्यकतानुसार वेल्डिंग एवं कास्टिंग प्रक्रिया के अवलोकन हेतु स्थानीय उपलब्धता के आधार पर भ्रमण कार्यक्रम।
8. स्थानीय औजार तैयार करने में मोल्डिंग (मूर्तियां बनाना व सामान्य प्रयोग हेतु हथियार बनाना आदि) प्रक्रिया के प्रयोग की जानकारी।

**मिट्टी के बर्तन–**

1. बर्तन बनाने के लिए मिट्टी की पहचान एवं उसे तैयार करने की प्रक्रिया सीखना।
2. दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले मिट्टी के बर्तनों (जैसे–कुल्हड़, घड़ा, सुराही, प्लेट्स आदि) को बनाने की विधि समझना व सीखना।
3. बर्तन बनाने की प्रक्रिया में आकार देना, सुखाना, ग्लेजिंग और सजावट आदि को समझना व सीखना।
4. मिट्टी के बर्तन बनाने की विभिन्न तकनीकियों (जैसे–हाथ निर्माण, पहिया फेंकना/चॉक विधि, स्लिप कास्टिंग विधि, फायरिंग तकनीक आदि) की जानकारी प्राप्त करना।

**स्थानीय कला–**

1. स्थानीय चित्रकला (जैसे–ऐपण भित्ति चित्र, आदि) की जानकारी प्राप्त करना तथा मुखौटे बनाना सीखना।
2. पारम्परिक आभूषण (गुलबन्द, धागुली, हंसुली, खग्वाली आदि) की जानकारी एवं निर्माण की प्रक्रिया सीखना।
3. बड़ी/मुंगौड़ी/पापड़ आदि तैयार करना।
4. स्थानीय एवं पारम्परिक मिष्ठान व व्यंजन यथा– सिंगोरी, बाल मिठाई, आरसे, घुघुते, रोट, चौंसु, काफली, थिंचवाणी आदि की जानकारी एवं बनाने की विधि सीखना।
5. स्थानीय उपलब्ध उत्पादों की बेकिंग– जैसे मंडुए के बिस्किट, केक, केले/आलू के चिप्स, ब्रेड,, बन आदि तैयार करने की प्रक्रिया।
6. स्थानीय/पारम्परिक परिधान/पहनावे (आंगुड़ी, पिछौड़ा, डांठा, गाती आदि) की जानकारी एवं निर्माण की विधि सीखना।
7. स्थानीय लोकगीत/लोकनृत्य/लोककथा (रामी बौराणी, राजुला मालूशाही, रम्माण, तांदी, झोड़ा–चांचरी,जागर, न्यौली, मांगलगीत, होली गीत आदि) की जानकारी प्राप्त करना व सीखना।
8. स्थानीय पारम्परिक वाद्य यंत्रों/संगीत उपकरणों (जैसे–ढोल, दमाऊ, मशकबीन, हुड़का, रणसिंघा आदि) की जानकारी प्राप्त करना, बनाना सीखना एवं प्रयोग में लाना सीखना।
9. रिंगाल, बांस, भीमल आदि से रस्सी, टोकरी, कपड़े आदि तैयार करना।
10. दन/कालीन/चटाई बनाना।

**रोबोटिक्स मशीनिंग–**

1. रोबोट एवं रोबोटिक्स की विस्तृत जानकारी प्राप्त करना।
2. रोबोटिक्स की वैज्ञानिक जनकारी, विज्ञान की विभिन्न शाखाओं से सम्बन्ध, उद्देश्य एवं सम्भावनाओं की जानकारी प्राप्त करना।

**इलैक्ट्रॉनिक उपकरण मरम्मत–**

1. घरों या दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों की जानकारी प्राप्त करना।

2. इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का सामान्य रखरखाव एवं सुरक्षित प्रयोग की जानकारी प्राप्त करना।
3. विभिन्न प्रकार के इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों की विशेषताओं (जैसे स्थायित्व, भार, आकार, क्षमता, ऊर्जारूपत आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
4. विभिन्न इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों की आन्तरिक बनावट, भागों की जानकारी तथा सुरक्षित सामान्य मरम्मत सीखना।

## मानवीय सेवाएं

**स्वास्थ्य देखभाल–**

1. सामान्य स्वास्थ्य मानकों (जैसे रक्तचाप, बी.एम.आई., दृष्टि क्षमता, श्रवण क्षमता, ऑक्सीजन लेवल आदि) की जांच।
2. संतुलित आहार (यथा–प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, खनिज आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
3. प्राथमिक चिकित्सा तथा सामान्य रोगों के प्रारम्भिक लक्षणों की जानकारी प्राप्त करना।
4. व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सुरक्षा की जानकारी।
5. योगाभ्यास।

**बिजली का काम–**

1. घरों में सामान्य वायरिंग एवं विद्युत परिपथ की जानकारी प्राप्त करना।
2. सामान्य वायरिंग, स्विच, होल्डर आदि की मरम्मत या उनको बदलना सीखना।
3. लघु पथ (Short Circuit) या अतिभारण (over loading) की जानकारी, सावधानी एवं बचाव को सीखना, फ्यूज़ लगाना।
4. विशेष अवसरों पर (शादी समारोह, विद्यालयी कार्यक्रम आदि) लाइटिंग, लाउडस्पीकर कनेक्शन आदि कार्य सीखना।

**विक्रय और विपणन–**

1. विक्रय और विपणन की प्रक्रिया को समझना।
2. विक्रय लक्ष्य, ग्राहक डेटा विश्लेषण, योजना तैयार करना, समन्वय आदि सीखना।
3. वितरण प्रबन्धन चैनल (जैसे थोक, खुदरा, वितरक, ई–कॉमर्स आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
4. उत्पाद संयोजन, भण्डारण, भुगतान प्रवाह, उत्पाद की गुणवत्ता के मानकों की जानकारी प्राप्त करना।
5. मांग एवं आपूर्ति, मांग एवं मूल्य तथा आपूर्ति श्रृंखला में परस्पर सम्बन्धों की जानकारी प्राप्त करना।

**आतिथ्य और पर्यटन–**

1. आतिथ्य और पर्यटन के क्षेत्र में विभिन्न रोज़गारपरक क्षेत्रों (जैसे–गाइड, टैक्सी संचालन, भोजनालय, आदि) की जानकारी तथा कार्यों की जानकारी।
2. विभिन्न प्रकार के गाईड (जैसे हेरिटेज टूर गाइड, नेचर गाइड, धार्मिक गाइड आदि) की जानकारी तथा ज्ञान के क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करना।
3. विभिन्न प्रकार के पर्यटन (जैसे वाइल्ड टूरिज़्म, साहसी टूरिज़्म, धार्मिक टूरिज़्म आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
4. पर्यटन उद्यम (टूर एण्ड ट्रैवल्स सेवाएं, परिवहन सेवाएं आदि), सरकारी तंत्र (विनियमन, ढांचागत निवेश, लाइसेंस प्रक्रिया, ऋण प्रक्रिया, पर्यवेक्षण आदि) तथा संघों(परिवहन एवं व्यापार आदि से सम्बन्धित) की गहन जानकारी प्राप्त करना।
5. गेस्ट हाउस केयर टेकर, सर्वर और क्लीनर, शेफ आदि के कार्यों एवं प्रशिक्षण आदि की जानकारी प्राप्त करना।
6. आतिथ्य/अतिथि सत्कार हेतु विभिन्न भाषाओं का ज्ञान एवं शिष्टाचार आदि की सामान्य जानकारी लेना।

**सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी कौशल–**

1. हार्डवेयर प्रौद्योगिकी, दूरसंचार एवं नेटवर्क प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन आदि की जानकारी प्राप्त करना।

2. सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों (रेलवे, बैंकिंग, न्यायालय, इन्जीनियरिंग, कृषि, परीक्षा प्रणाली, परिवहन, आयकर आदि) की जानकारी प्राप्त करना।
3. महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आई.टी. कम्पनियों (जैसे–इन्फोसिस, विप्रो, टेक महिन्द्रा, इंटेल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, ऑरेकल, याहू, आदि) की सामान्य जानकारी ।

# प्रतिभा दिवस

(सुझावात्मक गतिविधि पुस्तिका)


**विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की पहल**



अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण, निदेशालय, उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, देहरादून।

E-mail.: dirart.edu@gmail.com







# प्रतिभा दिवस आयोजन दिशा-निर्देश

- अप्रैल–जुलाई एवं अक्टूबर–जनवरी माह में माता सम्मेलन बुलाया जाए।
- प्रत्येक गतिविधि में शिक्षक भी सम्मिलित रहेंगे।
- प्रत्येक गतिविधि पहले सम्पूर्ण कक्षा के साथ फिर समूह में व तत्पश्चात् एकल कराई जाएगी।
- वैयक्तिक जानकारी के लिए शिक्षक हर बच्चे के साथ एकल कार्य करेंगे।
- कक्षा–1 व कक्षा–2 में खेल शिक्षक के निर्देशन में कराये जायेंगे। शैक्षिक गतिविधियों का दोहराव भी किया जाए।
- गतिविधियों के पश्चात् बच्चों को अभिप्रेरित करने के लिए विभिन्न प्रकार की तालियाँ / स्काउट गाइड की तालियां बजायी जायेंगी।
- गतिविधि करवाने से पूर्व तैयारी करें तथा प्रत्येक बच्चे की सहभागिता सुनिश्चित करें।
- सत्र प्रारम्भ होने पर प्रत्येक शनिवार को बाल समितियों / बाल सरकार का गठन करवाएँ।
- ये समितियाँ यथा–स्वच्छता, अनुशासन, कूड़ा निस्तारण, पुस्तकालय, बागवानी, खेल–कूद, सम्पादन मण्डल आदि होंगी।
- माह में पड़ने वाले पर्व / त्यौहारों की जानकारी देते हुए विद्यालय स्तर पर पर्व का आयोजन कराएँ।
- कैलेन्डर में दी गई गतिविधियों में प्रत्येक जनपद से दो छात्रों का चयन कर 14 नवम्बर को पुरस्कृत किया जायेगा। इस हेतु विद्यालय, संकुल, ब्लॉक, जनपद स्तर पर छात्रों का चयन करके अक्टूबर के अन्तिम सप्ताह तक निदेशक, अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण को प्रेषित किया जायेगा।
- शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में माह जून में और ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में ये गतिविधियाँ जनवरी माह में की जायेंगी।
- माह फरवरी में विद्यालयों का वार्षिकोत्सव आयोजित किया जायेगा। जिसमें वर्ष भर की गतिविधियों की झलक दिखायी देगी।

प्रतिभा दिवस को प्रभावशाली बनाने हेतु विद्यालयों में चार बार निम्नवत् मातृ सम्मेलन आयोजित किया जाय मातृ सम्मेलन मे निम्नलिखित क्रियाकलाप कराये जा सकते है।


प्रथम–मातृ सम्मेलन– यह सम्मेलन अप्रैल माह में करवाया जाना है। छात्र–छात्राओं की स्वच्छता सत्र की गुणवत्तापरक शिक्षा की तैयारी, मिशन कोशिश की प्रगति तथा छात्र–छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभा गायन, नृत्य, कला अभिव्यक्ति पर चर्चा।

द्वितीय मातृ सम्मेलन– यह सम्मेलन माह जुलाई में आयोजित किया जाना है जिसके गृह कार्य पर चर्चा छात्रों की स्वच्छता, पाठ्यपुस्तक वितरण, कारुवृत्ति तथा संज्ञान सहगामी पक्ष के विकास पर चर्चा की जायेगी प्रतिभा दिवस के संकाय संचालन में भाशाओं के सहयोग पर विचार विमर्श किया जाना अपेक्षित है।

तृतीय मातृ सम्मेलन– यह सम्मेलन माह अक्टूबर में आयोजित किया गया है, मासिक परिक्षाओं में छात्रों की प्रगति की चर्चा इस दिवस पर की जानी अपेक्षित है। छात्र–छात्राओं के लेख, कला, संगीत तथा भाषाई कौशल के विकास पर चर्चा की जानी चाहिए, छात्रों द्वारा तैयार कलात्मक तथा रचनात्मक माडल की प्रदर्शनी इस अवसर पर लगाई जाय।

चतुर्थ मातृ सम्मेलन– यह सम्मेलन जनवरी माह में करवाया जाना है। वर्ष भर में आयोजित प्रतिभा दिवस की गतिविधियों पर चर्चा छात्रों की प्रगति, प्रदर्शन आदि की चर्चा की जायें।






# प्राक्कथन

शिक्षा एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से समाज के लिये योग्य नागरिकों का निर्माण किया जाता है। शिक्षा प्रदान करने औपचारिक साधनों में विद्यालयों का प्रमुख स्थान है अतः विभिन्न प्रकार के विद्यालयों की स्थापना सभी जगह की गई है। विद्यालयों में विषय आधारित, तकनीकी, कौशल विकास, मूल्यों से संबंधित शिक्षा बालक बालिकाओं को प्रदान की जाती है, जिससे शिक्षकों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है।


विद्यालयों में प्रतिदिन परम्परागत रुप से अलग–अलग वादनों में अलग–अलग विषयों का शिक्षण किया जाता है। जिसके द्वारा संज्ञानात्मक पक्ष के विकास पर अधिक बल दिया जाता है जबकि संज्ञान सहगामी पक्ष के विकास के अवसर छात्रों को कम प्रदान किये जाते हैं, प्रत्येक बालक–बालिकाओं में कुछ विशिष्ट गुण एवं विशेषताऐं होती है, शिक्षकों का कर्तव्य होता है कि वे बालक–बालिकाओं में अन्तर्निहित क्षमताओं को पहचाने तथा उनके विकास हेतु पाठन पठन के साथ उचित अवसर प्रदान कर सकें।

छात्र छात्राओं के संज्ञान सहभागी तथा बहुमुखी प्रतिभा के विकास हेतु विद्यालयी शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के द्वारा माह के अन्तिम शनिवार को प्रतिभा दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के छात्र छात्राएं परम्परागत वादनों तथा विषय आधारित शिक्षण के स्थान पर, खेल, संगीत, वाद–विवाद, वार्तालाप, कला कार्य, भ्रमण, स्वच्छता लेखन कार्य द्वारा अपनी रुचि के अनुसार क्रियाकलाप करेंगे। जिससे उनके संज्ञान सहगामी क्रियाकलापों का विकास होगा।

प्रस्तुत पुस्तिका के कुछ सुझावात्मक गतिविधियों संकलित की गई। शिक्षक स्वयं के द्वारा विकसित संकलित तथा इन सुझावात्मक गतिविधियों के माध्यम से खेल, कला, गणितीय, भाषाई तथा वैज्ञानिक क्षमताओं के विकास हेतु क्रियाकलाप आयोजित कर सकते हैं।

प्रस्तुत पुस्तिका में प्रस्तावित गतिविधियों में एन0सी0ई0आर0टी0 द्वारा विकसित लर्निंग ऑउटकम्स (सीखने के प्रतिफल) पर आधारित है अतः अपेक्षा है कि प्रतिभा दिवस की गतिविधियां छात्रों के संज्ञान तथा संज्ञानात्मक विकास में सहायक होगी।

सीमा जौनसारी
निदेशक
अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड देहरादून।








# माह–अप्रैल

| | कक्षा 1–2 | कक्षा 3–5 | कक्षा 6–8 |
|---|---|---|---|
| भाषाई | विद्यालय में माताओं का सम्मेलन करना तथा बच्चों के साथ परिचय आदि करना।<br>यह जानने का प्रयास करना कि बच्चा अंग्रेजी भाषा की कितनी शब्द सामर्थ्य के साथ विद्यालय पहुँचा है। | माता सम्मेलन के माध्यम से छात्र–छात्राओं के मध्य हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में वार्तालाप परिचय तथा ग्रामीण परिवेश के बारे में छात्रों से सुनना, स्थानीय मेले पर कक्षा के स्तर के अनुसार वार्तालाप कार्य | माता सम्मेलन में कविता, कहानी तथा अन्त्याक्षरी प्रतियोगिताओं का आयोजन, ग्रामीण परिवेश के बारे में बच्चों से सुनना<br>स्थानीय ग्रामीण जन जीवन पर निबंध लेखन का कार्य |
| गणितीय | कुछ छोटे–छोटे पत्थरों, बीजों अनाज के दानों तथा गोलियों को एकत्र करना तथा उन्हें छोटे से बड़े स्वरूप में लगाना।<br>मुट्ठी में गोलियों की संख्या का अनुमान लगाना, 4, 6, 8 व 3, 5, 7 आदि के समूह बनाना। | रस्सी तथा फीते की सहायता से इंच सेंटी मीटर, मीटर की जानकारी, विद्यालय के बरामदे तथा बाउन्ड्रीवॉल आदि की नाप करवाना विभिन्न वस्तुओं की नाप का अनुमान लगाना। | विभिन्न प्रकार की ज्यामितीय आकृति की वस्तुओं का संग्रह, घर विद्यालय में त्रिभुजाकार, गोलाकार, बेलनाकार आदि वस्तुओं की सूची बनाना। उनके समतल व वक्रतल गिनना।<br>1–12 तक की संख्याओं के वर्ग |
| वैज्ञानिक अभिरूचि | विभिन्न प्रकार की फसलों तथा अनाजों के रंग बताना, गर्मी, सर्दी आदि में गांव मोहल्ले तथा घर में होने वाली घटनाओं पर बातचीत करना। पक्षियों व पालतू जानवरों की आवाजों के बारे में बातचीत करना। | मिर्च, टमाटर तथा अन्य प्राकृतिक अनाजों, सब्जियों के रंग परिवर्तन पर चर्चा करना। | गर्मी, वर्षा, बाढ़ आदि पर चर्चा करवाना तथा उक्त के द्वारा परिवेश के होने वाले परिवर्तन पर समूह में चर्चा करवाना। |
| सामाजिक तथा सांस्कृतिक अभिरूचि | विद्यालय में सांस्कृतिक क्रियाकलाप का अयोजन बच्चों के साथ गायन तथा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन | कविता पाठ तथा गायन प्रतियोगिता आयोजित करना, स्थानीय गीतों का गायन आदि।<br>सामाजिक रीति रिवाज पर लेखन कार्य | स्थानीय गीतों तथा राष्ट्रीय गीतों का आयोजन करना तथा छात्रों के मध्य प्रतियोगिता करवाना।<br>राष्ट्रीय गीतों का संकलन करवाना |
| कला क्राफ्ट व श्रम के कार्य | विभिन्न प्रकार के रंग जैसे रंगीन चाक, खडिया, चारकोल, पेन्सिल... एकत्र कर छात्रों से रेखा खिंचवाना, विभिन्न प्रकार की रेखाओं द्वारा पैटर्न बनाना, रंगों के माध्यम से कागज पर छापे लगवाना। | • विभिन्न प्रकार के छापे लगाना।<br>• छापों के पैटर्न बनाना।<br>• चित्रों में रंग करना।<br>• विभिन्न प्रकार के चित्र बनाना। | • आलेखन बनाना<br>• चित्र बनाना / पोस्टर बनाना<br>• विभिन्न प्रकार के छापों से पैटर्न तैयार करना। स्टैन्सिल |
| खेल | कमर पर हाथ रखकर उछलना, जमीन छूना, सिर के ऊपर हाथ हिलाना, दो प्रकार की ताली बजाने का अभ्यास। | • टीम गेम (लूडो, कैरम, चाइनीज चेकर आदि)<br>• बाहर के खेल– 50 मी. रेस | • दौड़–100 मी. रिले बांधा, रस्सी कूदते हुए दौड़<br>• स्मृति के खेल |

# माह–मई

| | कक्षा 1–2 | कक्षा 3–5 | कक्षा 6–8 |
|---|---|---|---|
| भाषाई | हिन्दी भाषा में कविता सुनाना<br>अंग्रेजी में छोटी–छोटी कविता सुनाना<br>कविता को हाव–भाव के साथ सुनाना | • शिक्षक छात्रों के मध्य एक कहानी (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अलग–अलग) सुनाएंगे तथा बीच में कहानी को छोड़कर छात्रों से कहानी पूरी करने को कहना<br>• (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अलग–अलग) मौलिक अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करना।<br>• स्थानीय कहानियों का लेखन कर संकलन करवाना | • स्थानीय मेले का वर्णन छात्रों से हिन्दी व अंग्रेजी में सुनना।<br>• मेले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बच्चों से सुनना तथा अभिभावकों को आमंत्रित करना।<br>• छात्रों को कहानी लेखन करवाना तथा संकलन करवाना |
| गणितीय | • छोटे पत्थर, गोलियां एकत्र करना तथा उन्हें डिब्बे में भरना।<br>• गणित क्लब का गठन करना।<br>• छात्रों से गिनती के माध्यम से समूह बनाना, विभिन्न प्रकार की आकृति बनाना | • स्केल के माध्यम से मिमी., सेमी., मीटर आदि की जानकारी करवाना।<br>• गणित क्लब का गठन करना।<br>• श्यामपट्ट तथा मेज की माप करवाना। | छात्रों से स्कूल की दीवार की लम्बाई, चौडाई मोटाई नाप करवाना तथा क्षेत्रफल, आयतन आदि की जानकारी देना।<br>गणित क्लब का गठन करना। |
| वैज्ञानिक अभिरूचि | छात्रों से वर्षा, का होना आदि के बारे में सुनना तथा इस प्रकार के मौसम में होने वाली कुछ घटनाओं की जानकारी देना व सुनना। | घरों तथा मौहल्ले में होने वाली वैज्ञानिक घटनाएँ जैसे लोहे पर जंग लगना, ऑडियो का चलना, पहिया घूमाना आदि के बारे में वार्तालाप करना। | घर तथा मोहल्लों में होने वाली कुछ वैज्ञानिक परिवर्तनों पर चर्चा।<br>बच्चों से वार्तालाप तथा बच्चों से परिवर्तनों के बारे में सुनना। |
| सामाजिक तथा सांस्कृतिक अभिरूचि | मेलों के बारे में बच्चों से सुनना, मेले में मिलने वाली वस्तुओं के बारे में जानकारी करना।<br>मेले की प्रमुख घटनाओं का लेखन करवाना | बच्चों से देश भक्ति गान करवाना, स्थानीय भाषा में देशभक्ति गीतों का संकलन करवाना।<br>स्थानीय मेले की प्रमुख घटनाओं का लेखन करवाना। | विभिन्न प्रकार के देशभक्ति गीतों का संकलन व गायन।<br>किसी स्थानीय त्योहार पर निबंध लिखना |
| कला क्राफ्ट व श्रम के कार्य | धागे को रंग या स्याही में भिगोकर कागज पर विभिन्न प्रकार के चित्र धागे की सहायता से बनवाना तथा चित्रों की प्रदर्शनी लगाना। | बच्चों से मिट्टी का कार्य करवाना विभिन्न प्रकार के मिट्टी के वर्तन, फल तथा आकृति बनाकर प्रदर्शन करवाना | विद्यालय के गमलों की सजावट करना उन पर रंग करना तथा विभिन्न प्रकार के पैटर्न बनवाना। |
| खेल | गोल घेरे में खेलगीत–हरा समन्दर, पोशम्पा जैसे गोलघेरा, वर्ग बनाकर उन पर घूमते हुए आकृतियां बनाना। | टीम गेम जैसे रूमाल झपट्टा, गेंद फेंकना, लपकना, बोरा रेस। | कूद– लम्बी कूद, रस्सी कूद।<br>चैतन्यता के खेल। |






## माह–जून/जनवरी

| | कक्षा 1–2 | कक्षा 3–5 | कक्षा 6–8 |
|---|---|---|---|
| भाषाई | • बच्चों के दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाले अंग्रेजी भाषा के छोटे–छोटे वाक्य सिखाकर उन्हें सन्दर्भ अनुसार बोलने हेतु प्रेरित करना।<br>• सुनी हुई कविता तथा कहानी पर बच्चों का वार्तालाप कराना।<br>• चिड़ियों से संबंधी कविता कहानी पर वार्तालाप<br>• कविता कहानी पर साथियों से प्रश्न पूछना। | • समाचार पत्र, बाल पत्रिका आदि का पठन तथा उस पर चर्चा करना।<br>• सड़क, मोहल्ले तथा विद्यालय के आस–पास लगे (हिन्दी व अंग्रेजी में) होर्डिंग्स का महत्व पर लेखन<br>• अपने गाँव/मोहल्ले के व्यवसायों के बारे में लेखन करवाना। | रेडियो, टी.वी. आदि की खबर को अपनी भाषा में सुनाना तथा महत्व बताना स्थानीय लोक कथा हिन्दी व अंग्रेजी में सुनाना।<br>गाँव अथवा मोहल्ले में स्थित अस्पताल/पोस्टआफिस के बारे में लेखन कार्या करवाना |
| गणितीय | एक से बीस गोलियों और पत्थरों को एकत्र कर, उन्हें कम तथा अधिक करना, 2, 3 भागों में बांटना तथा शेष गोली गिनना। | दैनिक जीवन से संबंधित मुद्रा लंबाई, भार, धारिता से संबंधित वार्तालाप, जैसे नोटो तथा सिक्कों की जानकारी, दूध, तेल आदि की माप, कपड़े की माप करना। अनुमान लगवाना | बैंक की पासबुक का प्रारूप तैयार करना। घर, परिवार में व्यापार आदि पर चर्चा लाभ–हानि की जानकारी परिवार के सदस्यों की आमदनी का ब्यौरा बनवाना। निकटवर्ती दुकान से वस्तुओं की मूल्य सूची तैयार करवाना |
| वैज्ञानिक अभिरूचि | स्थानीय पेड़ पौधों की जानकारी, स्थानीय जीव–जन्तुओं, चिड़ियों के स्वभाव के बारे में प्रश्नोत्तर तथा आपसी वार्तालाप। | विभिन्न प्रकार के पेड़–पौधों के बारे में चर्चा, पौधे, वृक्ष तथा लताओं आदि के गुणों के बारे में वार्तालाप। | भोजन बनाने में प्रयुक्त ईधन, लकडी, रसोई गैस के लाभ आदि पर चर्चा भोजन एकत्र करने वाले तनों व जड़ों के पौधों की सूची बनाना। |
| सामाजिक तथा सांस्कृतिक अभिरूचि | • पुस्तक कोना तथा पुस्तकालय आपनी पसंद की पुस्तक तथा पोस्टर चुनना तथा उस पर वार्तालाप करना।<br>• किसी पोस्टर या चित्र पर अपनी अभिव्यक्ति करना। | • विद्यालय स्वच्छता करवाना।<br>• स्वयं की स्वच्छता पर बातचीत।<br>• अपने कक्षा, शयन कक्ष, भोजन कक्ष की स्वच्छता।<br>• संबंधित पर लेखन कार्य करवाना | स्थानीय गलियों तथा मोहल्लों की स्वच्छा पर चर्चा तथा महत्व स्वच्छ भारत अभियान पर निबंध/कविता /गायन आदि।<br>संबंधित लेखन कार्य का संकलन करवाना |
| कला क्राफ्ट व श्रम के कार्य | • ग्रामीण/शहरी स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले क्राफ्ट पर बच्चों से सुनना।<br>• विभिन्न प्रकार की ज्यामितीय त्रिभुज, चर्तुभुज वर्णाकार आकृति बनवाना। | • पुरानी/निष्प्रयोज्य सामग्री से विभिन्न प्रकार की उपयोगी सामग्री तैयार करना<br>• कागज के फूल, मालाएं आदि बनाना तथा उनसे सजावट करना। | विद्यालय में स्थानीय शिल्प, टोकरी, रस्सी या अन्य वस्तु बनाने हेतु स्थानीय व्यक्ति को आमंत्रित करना तथा शिल्प का निर्माण करना। |
| खेल | देखे हुए पशु–पक्षियों, कामगारों, घर के कामों सफाई स्वच्छता के कार्यों का मूक अभिनय (समूह में, एकल) | • चेतना खेल/जागरूकता–चिड़िया उड़ पहचान कौन? चुप, फल–सब्जी ले लो।<br>• नींबू चम्मच रेस, एक टांग की रेस।<br>• फनगेम, दौड़ कूद व फेंक। | • मनोरंजक दौड़–बोरा रेस, सुई–धागा रेस।<br>• शतरंज, कैरम, अन्य खेल।<br>• नेतृत्व खेल। |

## माह–जुलाई

| | कक्षा 1–2 | कक्षा 3–5 | कक्षा 6–8 |
|---|---|---|---|
